वैधानिक अवकाशों में वृद्धि

2024 से शुरू करते हुए, क्रिसमस डे के बाद का पहला कार्यदिवस रोज़गार अध्यादेश के तहत एक नया शामिल किया गया वैधानिक अवकाश होगा।

2025 के लिए वैधानिक अवकाशों की सूची यहाँ पर है https://www.labour.gov.hk/eng/news/latest_holidays2025.htm.

2026 से शुरू करते हुए, वैधानिक अवकाशों को धीरे-धीरे 17 दिनों तक बढ़ा दिया जाएगा:

वर्ष	नया शामिल किया गया वैधानिक अवकाश	वैधानिक अवकाशों की संख्या
2026 से	ईस्टर मंडे	15
2028 से	गुड फ्राइडे	16
2030 से	गुड फ्राइडे से अगला दिन	17

रोज़गार अध्यादेश के तहत वैधानिक अवकाशों के संबंध में अन्य संबंधित प्रावधान अपरिवर्तित रहेंगे:

- रोज़गार अध्यादेश के तहत सभी कर्मचारी (घरेलू सहायकों सहित) वैधानिक अवकाशोंके हकदार होंगे, चाहें हर हफ्ते काम करने के घंटों की संख्या और सेवा की अवधि कुछ भी हो।
- यदि एक कर्मचारी को वैधानिक अवकाश से तुरंत पहले कम से कम 3 महीनों के लिए एक निरंतर अनुबंध के तहत काम पर रखा गया है (जैसे कि उसी नियोक्ता द्वारा 4 हफ्ते या अधिक समय के लिए लगातार काम दिया गया है, जिसमें हर हफ्ते न्यूनतम 18 घंटे काम किया गया है), तो वहअवकाश के वेतन का हकदार है।
- चाहें कोई कर्मचारी वैधानिक अवकाश के वेतन का हकदार हो, नियोक्ता को अवकाश देने या तथाकथित "हॉलिडे बाय-आउट" के बदले में कर्मचारी को किसी भी तरह का भुगतान नहीं करना चाहिए।
- यदि कोई वैधानिक अवकाश आराम के दिन आती है, तो कर्मचारी को अगले दिन अवकाश दिया जाना चाहिए जो कि कोई वैधानिक अवकाश या वैकल्पिक अवकाश या प्रतिस्थापित अवकाश या आराम का दिन न हो; यदि किसी नियोक्ता को कर्मचारी से वैधानिक अवकाश पर काम कराने की आवश्यकता है, तो नियोक्ता कर्मचारी के लिए एक वैकल्पिक छुट्टी या तथाकथित "प्रतिस्थापित अवकाश" का प्रबंध करेगा। विवरण के लिए, कृपया "रोज़गार अध्यादेश के लिए संक्षिप्त गाइड" में अध्याय 4: आराम के दिन, छुट्टियाँ और अवकाश देखें।
  https://www.labour.gov.hk/eng/public/wcp/ConciseGuide/04.pdf

यह संक्षिप्त नोट सरल शब्दों में विषय संशोधन द्वारा रोज़गार अध्यादेश में किये गए प्रमुख बदलावों को दर्शाता है। रोज़गार अध्यादेश व्याख्यान किये गए कानून के प्रावधानों के लिए एकमात्र प्राधिकारी बना हुआ है। इस विषय पर अधिक जानकारी श्रम विभाग की वेबसाइट www.labour.gov.hk पर उपलब्ध है।